सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
23.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 160



12 जैकलीन ने वापस ली याचिका बीमार मां से मिलने नहीं जा सकेंगी

## न्यूज डायरी

### दस लाख का इनामी नक्सली गंझू गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझु को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि मुनेश्वर पर चार पुलिसकर्मियों के हत्याकांड में शामिल होने का भी आरोप है। पुलिस ने इस पर 10 लाख रुपए इनाम घोषित कर रखा है। उस पर लातेहार- लोहरदगा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 78 से अधिक मामले दर्ज हैं। 23 नवंबर 2019 को भाकपा माओवादियों ने चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया मोड़ के पास पेट्रोलिंग टीम पर हमला बोल दिया था, जिसमें चार जवान शहीद हो गये थे।

### दो ट्रकों में टक्कर ड्राइवर जिंदा जला

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के कुईड़ा में दो ट्रकों में भीषण टक्कर में दोनों ट्रक ड्राइवर की मौत हो गयी। टक्कर इतना जोरदार था कि दोनों ट्रकों में आग लग गयी। एक ट्रक चालक की मौत चोट लगने से हुई जबकि दूसरा आग की चपेट में आ कर जिंदा जल गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर दोनों ट्रक तेज रफ्तार में कोईड़ा गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गयी। एक ट्रक चालक मृतक रामटहल यादव चतरा का निवासी बताया जा रहा है, जबकि दूसरे ट्रक चालक के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### बंगलादेश 227 रन पर ऑलआउट

**ढाका।** भारत ने उमेश यादव (25/4) और रविचंद्रन अश्विन (71/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को दूसरे टेस्ट की पहली पारी में गुरुवार को 227 रन पर ऑलआउट कर दिया।

### चीन मुद्दे पर संसद के दोनों सदन में हंगामा

**नयी दिल्ली।** चीन के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा में में गुरुवार को प्रश्नकाल और शून्य काल की कार्यवाही नहीं हो सकी। लोकसभा के पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने 12 बजे शून्य काल शुरू होते ही आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसके साथ ही विपक्षी सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर चीन के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने और पीएम मोदी से जवाब देने की मांग करते हुए शोरशराबा करने लगे। राज्यसभा में यही स्थिति रही। चीन का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन भी किया।

### चतरा में दो नक्सलियों की संपत्ति कुर्क की

**चतरा।** पुलिस ने भाकपा माओवादी के 10 लाख इनामी शीर्ष जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव के बिहार के गया जिले में स्थित नकटिया में संपत्ति कुर्क की है। वहीं पांच लाख के इनामी संतोष भुइयां के चतरा स्थित केवालिया में संपत्ति कुर्क की गयी है। अमरजीत यादव हंटरगंज थाना (कांड संख्या 16 /16) में दर्ज एक मामले में फरार चल रहे थे। कोर्ट के आदेश पर गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र स्थित नकटिया में बाराचट्टी पुलिस के सहयोग से चल संपत्ति की कुर्की की गयी। वहीं पांच लाख के इनामी सब जोनल कमांडर संतोष भुइयां हंटरगंज थाना (कांड संख्या 156/16) में दर्ज एक मामले में फरार था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,500 रु./प्रति किलो |

## फिर डराने लगा कोरोना : पीएम ने की समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य मंत्री ने बताया प्लान

# चीन से सीधी उड़ान नहीं, एयरपोर्ट पर आरटी-पीसीआर शुरू

### जरूरी हुआ तो सबका टेस्ट अनिवार्य, गाइडलाइन का पालन व मॉस्क जरूरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में कोरोना के बढ़ते हालात पर गुरुवार को एक समीक्षा बैठक की। चीन में कोरोना का कहर देख भारत सरकार ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विदेश से आने वाले यात्रियों का रैंडम टेस्ट शुरू हो गया है। दो प्रतिशत लोगों के नमूने बिना किसी क्रम के लेकर आरटी-पीसीआर जांच की प्रक्रिया से शुरू की गयी है। आवश्यक होने पर सभी के लिए अनिवार्य करने पर विचार किया जा सकता है। सरकार का कहना है कि डरने की जरूरत नहीं है, अलर्ट रहने के साथ कोविड प्रोटोकॉल का फिर से पालन शुरू करने की आवश्यकता है। संसद में भी इसका असर देखा गया, सभी मास्क में दिख रहे हैं। पीएम की समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोविड के हालात पर पूरा प्लान बताया है। उन्होंने संकेत दिया कि मेट्रो, ऑफिस और फ्लाइट में मास्क अनिवार्य हो जायेगा। उन्होंने कहा, महामारी अभी खत्म नहीं हुई है और टीका लेने के साथ सभी को सतर्क रहने की भी जरूरत है। कोविड रूपी हमारा यह दुश्मन समय-समय पर अपना स्वरूप बदल रहा है। हमें एक साथ मिलकर दृढ़संकल्प के साथ लड़ाई जारी रखनी होगी।

**नेजल वैक्सीन भी आ गयी :** उन्होंने कहा कि सभी ऑक्सीजन संयंत्र काम कर रहे हैं और दवाओं की उपलब्धता के बारे में भी समीक्षा की गयी है। देश में दवाओं की कमी नहीं है। देश में दवाओं और टीकों की जरूरत पूरी करने के लिए तैयार हैं। (शेष पेज 11 पर)

## सतर्कता बरतें, सरकार अलर्ट : हेमंत

**रांची।** देश समेत झारखंड में कोरोना की दस्तक से झारखंड सरकार भी अलर्ट मोड में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना संक्रमण का मामला हमारे संज्ञान में है। परिस्थिति को देखकर बहुत जल्द सभी को इससे अवगत करायेगे। सीएम ने राज्य के लोगों से अपील की कि आप सभी सतर्क रहें और एहतियात बरतें। सरकार के साथ-साथ आप भी अलर्ट रहें। सभी के सहयोग से इस राज्य में संक्रमण को बढ़ने नहीं देना है। सीएम ने कहा कि कोरोना की स्थिति पर सरकार की नजर है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार इससे निबटने के लिए राज्य

### सरकार सभी स्थिति से निपटने में सक्षम : बन्ना

सरकार तैयार है, साथ ही पर्याप्त उपाय किये गये हैं। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोरोना को लेकर राज्य में अभी कोई खतरा नहीं है। पर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। क्रिसमस को लेकर कोई कोरोना गाइडलाइन जारी होने के सवाल पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोई भी त्योहार ऐसे नहीं मनाया जाना चाहिए जिससे संक्रमण फैले। इसलिए इसके लिए जरूर एडवाइजरी जारी की जाएगी।

## चौथे दिन भी सदन में हंगामा, महाधिवक्ता को पद से हटाने की मांग

# सदन की कमेटी करेगी निजी विवि की जांच : हेमंत

### झारखंड नगरपालिका संशोधन विधेयक पास भाजपा ने किया बहिर्गमन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में हो-हंगामे के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कुछ चीजों का आकलन हमें नियमित करते रहना चाहिए। राज्य में कई निजी विश्वविद्यालय विधेयक पारित हुए हैं, उनकी क्या स्थिति है, इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष, विधायकों की एक कमेटी बना दें। कमेटी संबंधित विश्वविद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट देगी। इससे उच्च शिक्षा बेहतर हो सकेगी। इसके पूर्व सदन ने नगरपालिका संशोधन विधेयक 2022 को हंगामे के बीच पास कर दिया। सदन में कुछ देर हंगामे के बाद प्रश्नकाल सामान्य रूप से चला। भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने महाधिवक्ता के अपराधियों से कथित सांठ-गांठ की खबरों पर सवाल उठाया। भाजपा सदस्य बेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। वे महाधिवक्ता को पद से हटाने की मांग कर रहे थे। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने शोरगुल कर रहे सदस्यों को समझाया-बुझाया। उनके आग्रह के बाद प्रश्नकाल सुचारू रूप से चला।

**जैन विवि विधेयक वापस :** सदन में विधायकों ने जैन विवि विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया था। प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इस विधेयक को वापस लेने की घोषणा की। वहीं सीएम ने स्पीकर से राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की जांच कराने के लिए सदन की कमेटी बनाने का आग्रह किया। विधानसभा से अब तक 20 निजी विश्वविद्यालयों के विधेयक पारित हुए हैं। दो विश्वविद्यालयों से जुड़े विधेयक पारित होने के दौरान माननीयों की तरफ से आये सुझाव को गंभीर बताते हुए सीएम ने समिति बनाने का आग्रह किया। सदन में सरकार ने जैन विश्वविद्यालय विधेयक को वापस लिया। प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार सदस्यों के सुझावों का सांगोपांग विचार कर आगे निर्णय लेगी। अभी इस विधेयक को वापस लिया जाता है। इससे पूर्व मनीष जायसवाल ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय के लिए कोई नियमावली नहीं है।

ऐसा प्रावधान होना चाहिए कि सभी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होने के बाद ही निजी विश्वविद्यालयों को मान्यता मिले। अमित मंडल ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इन विश्वविद्यालयों में 75 प्रतिशत रिजर्वेशन का प्रावधान लागू होगा या नहीं।

### कई विधेयक सदन से पारित

झारखंड नगरपालिका संशोधन विधेयक 2022 सदन में पास हो गया। भाजपा विधायक अमर बाउरी ने अनुसूचित जाति की हकमारी बताया। विधेयक 2022 को प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया गया। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन से वाकआउट किया। वहीं सदन से गुरुवार को झारखंड कोर्ट फीस झारखंड संशोधन विधेयक 2022, झारखंड आकस्मिता निधि संशोधन 2022, सोना देवी विवि विधेयक 2022, बाबू दिनेश सिंह विवि विधेयक 2022 पारित किया गया।




### मंत्री व विधायक में नोकझोंक

शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन में भाजपा विधायक अमर बाउरी के सवाल पर सरकार के जवाब के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच हल्की नोकझोंक हुई। जवाब से असंतुष्ट अमर बाउरी ने स्पीकर से कहा कि सरकार को डांटिये। जवाब देने के लिए खड़े हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आप गलतफहमी में ना रहें कि सिर्फ आपको ही जानकारी है। दरअसल, अमर बाउरी ने पूछा था कि क्या सरकार चास प्रखंड के केलिया डाबर में 10 एकड़ से अधिक में फैले लोतन बांध का जीर्णोद्धार कराना चाहती है। इसी का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा था कि सवाल पूछने से पहले आप जान लें कि वह बांध नहीं नहर है। जल संसाधन विभाग के अंदर नहर नहीं आता है। इसी के बाद दोनों में नोंकझोंक हुई।

## संविदाकर्मियों को दी बड़ी राहत


# 10 साल से काम करनेवालों को नियमित करें : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने ट्रांसपोर्ट व अन्य विभागों में 10 साल से अधिक काम करने वाले कर्मियों को नियमित करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने नरेंद्र कुमार तिवारी सहित 11 अलग-अलग याचिकाओं पर गुरुवार को आदेश पारित किया।

कोर्ट ने प्रार्थी की याचिका को स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अधिवक्ता विपुल पोद्दार ने पैरवी की। संविदा पर 10 साल से ज्यादा काम करने वाले कर्मियों ने अपनी सेवा नियमित करने की राज्य सरकार से गुहार लगायी थी, सरकार ने उनके आग्रह को नामंजूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट गये थे। वर्ष 2017 में हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी थी, इसके बाद सभी सुप्रीम कोर्ट चले गये थे। (शेष पेज 11 पर)

### अदालत ने माना टोल प्लाजा मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई



**रांची।** साहिबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में बरहरवा थाने में दर्ज मामले की 24 घंटे में क्लीन चिट देने के मामले की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय( ईडी ) की ओर से दायर शपथपत्र का कोर्ट ने अवलोकन किया। इस दौरान कोर्ट ने माना कि इस मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच नहीं हुई है, जल्दबाजी में मामले में जांच अधिकारी ने मामले की जांच की और रिपोर्ट दिया है। वहीं सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। इनकी ओर से कहा गया कि ईडी के शपथ पत्र के बाद वे अपना जवाब दाखिल करना चाहते हैं। कोर्ट ने मामले

#### आलम व पंकज मिश्रा की ओर से समय की मांग

की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित की। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एस के द्विवेदी की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पैरवी की। साहिबगंज के बरहरवा थाने में टोल प्लाजा टेंडर विवाद में शंभू नंदन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें पंकज मिश्रा पर टेंडर में भाग नहीं लेने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

## 3 साल में 14 हजार करोड़ की परियोजनाएं झारखंड को

### लोकसभा में गडकरी ने दी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2020 से अब तक तीन वर्षों में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 14 हजार करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इनमें पांच योजनाएं अब तक पूर्ण हो चुकी हैं। चार योजनाओं पर 50 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है। अन्य योजनाओं पर काम चल रहा है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी। लोकसभा में गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित सवाल किया था। सेठ ने रांची सहित पूरे झारखंड में मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी मांगी थी। इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विगत तीन वर्षों में झारखंड में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें 27 सड़क निर्माण, नौ रेलवे ओवरब्रिज निर्माण और चार पुलों का निर्माण शामिल है। 14 हजार करोड़ से अधिक की लागत वाली योजनाओं में पांच योजनाएं पूर्ण हो चुकी है और चार योजनाओं पर 50 प्रतिशत से अधिक काम भी हो चुका है। (शेष पेज 11 पर)

### जेल प्रबंधन को सीसीटीवी फुटेज देने का दिया आदेश

**रांची।** अदालत ने ईडी को जेल का सीसीटीवी फुटेज अविलंब उपलब्ध कराने निर्देश बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार के जेल अधीक्षक को दिया है। आदेश की कॉपी जेल अधीक्षक को भेज दी गई है। बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जेल का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराने से जुड़े मामले में बहस पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने का आदेश पारित किया। मालूम हो कि ईडी के आवेदन पर अदालत ने आठ दिसंबर को ही मेन गेट का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने की इजाजत दी थी। इसके बावजूद जेल प्रशासन ने फुटेज नहीं दिया।

## रिम्स की दशा सुधारने को ले समरीलाल का अनोखा प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भाजपा ने सदन के बाहर राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायक सीढ़ियों पर धरने पर बैठ गये थे। विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि इस सरकार में झारखंड की बहू बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। अपराधियों को सरकार संरक्षण दे रही है। सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। उधर,रिम्स की अव्यवस्था को लेकर विधायक समरी लाल मेन गेट के पास कंबल ओढ़ कर लेट गये थे। उन्होंने कहा कि रिम्स में मरीजों का बुरा हाल है।

इस कड़ाके की ठंड में भी बाहर लिटा कर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिम्स में सुधार के लिए कमेटी बनाने जाये, जिससे मरीजों को सही इलाज मिल सके। बाद में स्पीकर के आदेश पर उन्हें ससम्मान सदन के भीतर ले जाया गया।

**रिम्स की व्यवस्था में हो रहा सुधार :** वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ताने कहा कि रिम्स की व्यवस्था को सुधारने की कोशिश में वह लगे हुए हैं और वहां की व्यवस्था में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक समरीलाल उनके भाई हैं। उन्हें रिम्स की चिंता रहती है इसलिए वह उन्हें यह भरोसा दिलाने आये हैं कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार होग। वहीं महिलाओं की सुरक्षा के मामले में कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद ने भाजपा विधायकों के प्रदर्शन को लेकर कहा कि उनकी भी चिंता यही है कि राज्य की महिलाएं, यहां की बहू बेटियां कैसे सुरक्षित रहें।

## 104 यूट्यूब चैनल व 6 वेबसाइट पर बड़ी कार्रवाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि देश के खिलाफ मुहिम चलाने वाले और समाज में भ्रम एवं भय फैलाने को लेकर यूट्यूब के 104 चैनलों के साथ ही ट्विटर के पांच एकाउंट और छह वेबसाइट के खिलाफ आईटी कानून के तहत कार्रवाई की गयी है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ये यू-ट्यूब और चैनल सरकार और देश के खिलाफ मुहिम चला रहे थे। गलत जानकारी दे कर

### सदन में बोले सूचना मंत्री, ये भ्रम फैला रहे थे

समाज में भ्रम औरं भय फैला रहे थे। उन्होंने बताया कि आईटी कानून की संबंधित धाराओं के तहत उन सभी पर सख्त कार्रवाई की है।

श्री ठाकुर ने कहा कि ऐसे मामलों में अब तक यूट्यूब के 104 चैनल, 45 वीडियो, फेसबुक के चार अकाउंट और दो पोस्ट, इंस्टाग्राम के तीन व ट्विटर के पांच एकाउंट और छह वेबसाइट के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

# राजेश ठाकुर के दबाव में अनुशासन समिति ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ लिया है निर्णय

## असंतुष्ट नेताओं ने कहा, कांग्रेस पार्टी की आंतरिक सूचनाएं आरपीएन सिंह को जाती हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नवगठित प्रदेश कांग्रेस कमिटी से असंतुष्ट कांग्रेसियों की बैठक कांग्रेस अनुशासन समिति के निर्णय के बाद गुरुवार को कांग्रेस नेता फिरोज रिज्वी मुन्ना की अध्यक्षता में एकबार फिर राजकीय अतिथिशाला मोरहाबादी में हुई। बैठक में कहा गया कि अनुशासन समिति ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के दबाव में भेदभावपूर्ण कार्रवाई किया है। अनुशासन समिति ने कांग्रेस पार्टी के समर्पित, निष्ठावान नेताओं से स्पष्टीकरण मांगा है। इसकी जितनी भी निंदा की जाय कम है। बैठक में कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा कि राजेश ठाकुर का कॉल डिटेल्स निकाला जाए, दूध का दूध-पानी का पानी हो जाएगा।

झारखंड कांग्रेस की सभी आंतरिक सूचनाएं आरपीएन सिंह को जाती है। वर्तमान टीम आरपीएन सिंह की बी टीम है, वैसे ही लोगों को संगठन में तवज्जो मिलता है जो आरपीएन सिंह से नजदीकी हैं या उनके साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं। बोर्ड/निगम में भी जो सूची तैयार की गई है उसमें आरपीएन सिंह के नजदीकियों को स्थान दिया गया है। उन्होंने ने कहा कि बोर्ड/निगम में आरपीएन सिंह के द्वारा भेजी गई सूची प्राप्त हो गई है, जिसे 25 दिसम्बर को सार्वजनिक किया जाएगा। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा प्रदेश अध्यक्ष को हटाने का अभियान पूरे प्रदेश के लगभग सभी जिलों में हो रहा है।

जिला अध्यक्षों के मनोनयन के साथ ही राज्य के हर कोने से पुतला दहन, धरना प्रदर्शन, जुलूस, कालिख पोतो कार्यक्रम हो रहे हैं, जिला एवं प्रदेश कमिटी के गठन में जनसंख्या के अनुसार सभी जातियों का समायोजन नहीं किया गया। कमिटी में अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, ओबीसी, ईसाई व सरना समुदाय की घोर उपेक्षा की गई है।

वहीं आधी आबादी महिलाओं को भी स्थान नहीं दिया गया है। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा हम सब ने अपनी पूरी जवानी पार्टी की मजबूती के लिए लगा दिया,लाठी खाये,जेल गए और इसका पुरस्कार अगर स्पष्टीकरण है तो यह भी हमें स्वीकार है।

सुनील कुमार सिंह ने कहा कि उदयपुर उद्घोषणा का झारखण्ड में उल्लंघन हो रहा है। राजेश ठाकुर को तीन तीन पद हैं जबकि उदयपुर अधिवेशन में एक व्यक्ति एक पद का निर्णय हुआ था। रमेश उरांव ने कहा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों के मनोनयन में सरना आदिवासी के हितों को नजर अंदाज किया गया है।

बैठक में संजीव सिन्हा बबलू, प्रेम कुमार, राजेश चन्द्र राजू, रमेश उरांव, योगेन्द्र सिंह बेनी, उमर खान, सोनी नायक,टींकू कुमार बर्मा, नागेन्द्र चौधरी नागो, कुमार अजीत, मुख्य रूप से शामिल थे।

# डॉ मुजफ्फर हुसैन को मिला अंबेडकर फेलोशिप नेशनल अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी, दिल्ली की ओर से डॉ मुजफ्फर हुसैन को वर्ष 2022 का डॉ अम्बेडकर फेलोशिप नेशनल अवार्ड प्राप्त हुआ है। इन्हें यह अवार्ड सराहनीय साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सेवाओं की पहचान समेत दलित उत्पीड़न और दलितोत्थान के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य एवं लेखन के लिए प्रदान किया गया है। पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं एक गोल्ड मेडल भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 38वें राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन के रजत जयंती वर्ष में मिला है। यह आयोजन दिल्ली के बुराड़ी बाईपास स्थित पंचशील आश्रम में दिनांक 11-12 दिसंबर तक आयोजित हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के सभी भाषाओं के दलितोत्थान में जुटे दलित साहित्यकार, पत्रकार, लेखक एवं सम्पादक आदि ने भाग लिया। मालूम हो कि डॉ मुजफ्फर हुसैन वर्तमान में डोरंडा कॉलेज में अध्यापन कार्य कर रहे हैं और सक्रिय पत्रकारिता से भी जुड़े हैं। आकाशवाणी रांची से उनकी वार्ता समय समय पर प्रसारित होती रही हैं। इसके अलावा खबर मन्त्र हिन्दी दैनिक में संवाददाता का दायित्व भी निभा चुके हैं। साथ ही, अब तक उनकी चार शोध परक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। वहीं, तीन पुस्तकें मुद्रण हेतु प्रतीक्षारत हैं। नेशनल अवार्ड प्रदान करने के बाद भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पाक्षिक पत्र हिमायती के संपादक डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि युवा लेखक, इतिहासकार और पत्रकार डॉ मुजफ्फर हुसैन की लेखनी काफी उम्दा है।

अपनी इस पुरस्कार का श्रेय डॉ हुसैन ने माता-पिता, गुरुजन और अपने शुभचिंतकों को दिया है। उनकी इस सफलता पर बधाई देने वालों में डॉ महेंद्र सिंह, मधुकर श्याम, वरिष्ठ पत्रकार उदय चौहान, डॉ अजीत मुंडा, डॉ औरंगजेब खान, डॉ कोर्नेलियुस मिंज, डॉ सरोजिनी भेंगरा, डॉ हीरामणि टोप्पो, डॉ हन्ना माइल, राजू तिग्गा, जॉर्ज एक्का, मो शाहिद अय्यूबी, पत्रकार परवेज कुरैशी, बुलंद अख्तर, आदिल रशीद, अक्षय तिवारी, आशीष तिग्गा, रेहान अहमद समेत कई गणमान्य का नाम शामिल है।

## ई-कल्याण पोर्टल पर विद्यार्थियों के डाटा संधारण में शिक्षकों को हो रही दिक्कत

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षकों को छात्रवृत्ति भुगतान के लिए ई-कल्याण पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा संधारण करने में कई तरह की दिक्कत आ रही है। इसे लेकर पदाधिकारियों के रवैये से शिक्षकों में रोष है। वे कभी सड़क पर भी उतर सकते हैं। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र चौबे व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि प्राथमिक और मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों की छात्रवृति भुगतान के लिए ई-कल्याण पोर्टल पर प्रत्येक छात्रों का डाटा संधारण करने में शिक्षक पसोपेश में हैं। कई तरह की परेशानी और खामियां उन्हें झेलनी पड़ रही है। पदधारियों ने कहा कि पर्व के ऐन मौके पर अधिकारियों द्वारा बात-बात पर शिक्षकों का वेतन बंद कर दिया जा रहा है। विभागीय कार्रवाई की जा रही है। ऐसा कर वे शिक्षकों का मानसिक शोषण कर रहे हैं। यह न्याय संगत नहीं है। पदधारियों ने कहा कि ऐसी स्थिति रहने पर शिक्षक सड़क पर उतरने को विवश होंगे।

## लायंस क्लब रांची ने मनाया गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों का शहादत दिवस व क्रिसमस गैदरिंग



**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची**। लायंस क्लब ऑफ रांची की ओर से गुरुवार को गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों (साहिबजादों) का शहादत दिवस एंव क्रिसमस मिलन समारोह मनाया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष राजेश मोर ने अभिवादन करते हुए महत्त्वपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला। सचिव पूनम साखूजा ने क्लब की गतिविधियों की रिर्पोट प्रस्तुत की। पूर्व अध्यक्ष डा॰ हारमिंदर बीर सिंह ने चार साहिबजादों की शहादत को बड़े रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा साहिबजादों की शहादत ने भारतीय सभ्यता और सांस्कृति को बनाये रखने में बहुमूल्य योगदान दिया। गुरू गोबिंद सिंह ने समाज को नई दिशा दी।

आज के कार्यक्रम का विशेष आकर्षण क्लब की ओर से बड़ा तालाब में गिरी कार से एक व्यक्ति और दो बच्चों को बचाने वाले साहसी युवकों को क्लब की ओर से सम्मानित किया जाना रहा। इस कार्यक्रम को मूर्त देने वाले पर्व अध्यक्ष अजय साखूजा ने साहसी मो. मोहसिन, मो. कलाम, मो. साजिद और अरमान खान का परिचय प्रस्तुत किया। तदुपरांत सभी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। लायंस रजनी मोर ने सभी को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। क्लब के पूर्व जिलापाल विनोद कुमार गढ़यान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर पूर्व जिलापाल सिद्धार्थ मजूमदार, पर्व अध्यक्ष मंडली डा॰ देवेन्द्र सिंह, विनोद जयसवाल, शुभ्रा मजूमदार, अमित सेन, अजय अग्रवाल, सहित ओ. पी. तुलस्यान, परविंदर जीत सिंह, मंजुला, मनीष गड़ोदिया, ओ. पी. छाबड़ा, अनिल गोयल, तरुण अग्रवाल, डा॰ प्रदीप कुमार, स्नेहा मोरे, सुधीर पांडेय उपस्थित थे।

# राजधानी में कोहरे की वजह से ट्रेनें और विमान की सेवाएं हुई प्रभावित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** घने कोहरे की वजह से एक तरफ जहां ट्रेनें लेट चल रही हैं। वहीं विमानों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण विमान सेवा और ट्रेनों के परिचालन पर व्यापक असर पड़ रहा है। दिल्ली से रांची आने वाली कई फ्लाइटें और ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। लो विजिबिलिटी के कारण सुबह 8.15 बजे पहुंचने वाली इंडिगो की फ्लाइट सुबह 9.07 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंची। इसके बाद फ्लाइट ने 9.48 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी। एयर एशिया विमान भी 4 घंटे विलंब से पहुंची। सुबह 10.05 बजे विमान को पहुंचना था, लेकिन दोपहर 2.15 पर पहुंचा। फिर दोपहर 2.58 बजे रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इंडिगो का एक और विमान जो दोपहर 2.40 बजे पहुंचने वाला था, वह 4.40 बजे रांची एयरपोर्ट पर पहुंचा।



**विमानों की देरी से यात्रियों में नाराजगी :** वहीं,एयरपोर्ट से सही जानकारी नहीं मिलने पर यात्रियों ने नराजगी व्यक्त किया है। यात्रियों को चार घंटे तक एयरपोर्ट पर ही विमान की प्रतीक्षा करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि रांची एयरपोर्ट से रोजाना 26 विमान उड़ान भर रहे हैं। हालांकि एक दिन पूर्व बुधवार को अन्य शहरों से उड़ान भरने वाले विमान समय पर रहे।

**झारखंड का घटता तापमान :** मालूम हो कि प्रदेश की राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। देर रात कंपकंपी का असर दिखने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची से प्राप्त जानकारी अनुसार इस सप्ताह राजधानी समेत आसपास के जिलों में न्यूनतम तापमान में बदलाव हो सकता है। 24 व 25 दिसंबर को राजधानी समेत आसपास के जिलों में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। जिसके बाद कंपकंपी बढ़ेगी।

**अभी नहीं है मौसम में बड़े बदलाव के आसार :** हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान की माने तो आने वाले दिनों तापमान में वृद्धि हो सकती है। केंद्र के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा कि फिलहाल किसी प्रकार के बड़े मौसमी बदलाव के आसार नहीं हैं, लेकिन राजधानी के अलावा आसपास के जिलों में इस सप्ताह तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। केंद्र के मुताबिक आने वाले दिनों में रांची के तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होगी। साथ ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की भी संभावना है। देर रात से लेकर अहले सुबह तक कोहरा व धुंध का असर देखने को मिलेगा।

**धुंध से प्रभावित हुई ट्रेनों की सेवाएं :** इधर, कोहरे के कारण ट्रेनों की सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। दिल्ली से रांची आने वाली दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 10 घंटे विलंब से पहुंची। घना कोहरा होने के कारण अन्य कई ट्रेनों के लिंक रेक विलंब से पहुंच रहे हैं। हालांकि, विलंब से पहुंचने की सूचना या रीशेड्यूल की जानकारी यात्रियों को उन्हें एसएमएस के माध्यम से दी जा रही है। ट्रेनें देर से चलने के कारण 18623 इस्लामपुर-हटिया के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया। बुधवार को यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 19.15 बजे के स्थान पर 2 घंटे 15 मिनट विलंब से यानी 21.30 बजे इस्लामपुर से प्रस्थान किया।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

## शारदा ग्लोबल के बच्चों ने हास्य रस और वीर रस से किया सराबोर

हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिसमें चरित्र बने मानसिक तथा बौद्धिक विकास हो शारदा ग्लोबल स्कूल ऐसी शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'अब्लेज' कार्यक्रम के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों के हीरो एक्ट के द्वारा वीर रस को 'सीजन के द्वारा विभिन्न ऋतुओं के विभिन्न रसों को दशार्या गया। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखकर दर्शकों के मन में कभी हास्य रस तो कभी वीर रस की अनुभूति हो रही थी। मुख्य अतिथि (आई. पी. एस. ) श्री के. एम. मल्लिक ने बच्चों के द्वारा की गई प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों के द्वारा किए गए कार्यक्रम को देखकर अपने स्कूल के दिनों की याद आ गई।



मुख्य अतिथि श्री कृपा नंद झा ने कहा कि शहर के कोलाहल से दूर स्थित इस विद्यालय की खासियत है जिसमें बच्चों को एकाग्रचित्त होने का विशेश अवसर प्राप्त होता है उन्होंने नैतिक मूल्यों पर विशेश जोर दिया क्योंकि आज की युवा पीढ़ी में इस नैतिक मूल्यों की विशेश आवश्यकता है।



श्री वाई. एस. रमेश ने कहा कि बच्चे के प्रथम गुरु माता पिता होते हैं बच्चे उन्हीं को अपना आदर्श मानते हैं।



डा. श्रीमती रंजना स्वरुप ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संस्कारों को अपना कर बड़ों का सम्मान करके ही शिक्षा का सही मूल मंत्र प्राप्त होता है।


- श्री संजय शारदा ने कहा कि शिक्षा ही देश तथा समाज के प्रगति की मौलिक इकाई है।
- श्री दीपक बंका ने कहा कि अभिभावक के सही मार्गदर्शन के द्वारा ही बच्चों को विकास के पथ पर लाया जा सकता है।
- श्री अनुज रंजन ने कहा कि सुसंस्कृत उत्कृष्ट शिक्षा सहनशीलता का ही परिणाम है।




















मुख्य अतिथि श्री के. एम. मल्लिक ने कहा कि विद्या सारे बंधनों से मुक्त करती है। बच्चों में करुण रस का होना अत्यन्त अनिवार्य है जिससे उत्कृष्ट समाज का निर्माण संभव है।



प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा तथा क्षमता को निखारने के लिए अनुशासन का होना आवश्यक है। कोरोना काल के बाद बच्चों में अनुशासनहीनता सबसे अधिक देखने को मिल रही है। शिक्षक तथा विद्यालय के लिए यह चुनौती भरा समय है जिसमें धैर्य से काम लेते हुए बच्चों को आगे बढ़ाना है।



## स्पीड न्यूज

### स्पीकर रवींद्र नाथ महतो से मिले एमजीएम के विद्यार्थी

**रांची।** एमजीएम स्कूल रांची के छात्र–छात्राओं ने गुरूवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो से उनके कार्यालय कक्ष में भेंट की। इस दौरान स्पीकर ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यार्थियों ने डॉ भीम राव अंबेडकर एवं एपीजे अब्दुल कलाम की अपनी हाथों से बनाई गई प्रतिमा भेंट की। आयुष रंजन नाम के बच्चे ने स्वलिखित पुस्तक लीजेंड ऑफ ललितादित्य स्पीकर को दी। इसके पहले बच्चों ने विधानसभा की कार्यवाही भी देखी।

### निर्धन जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों की आवश्यक बैठक गुरुवार को हरमू रोड शिवगंज में श्रीमती विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पर हुई। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में विशेष तौर पर परमपूज्य संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज द्वारा प्रत्येक वर्ष होने वाले श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा तथा 151 निर्धन जोड़ों के आदर्श सामूहिक विवाह के सफल आयोजन पर विचार–विमर्श किया गया।

### ठेला, खोमचा हटाने की कार्रवाई

**रांची।** रांची नगर निगम की इंफोर्समेमंट टीम के द्वारा गुरुवार को निगम क्षेत्रांतर्गत पार्किंग पड़ाव में अवैध रुप से संचालित ठेला, खोमचा इत्यादि को हटाने की कार्रवाई की गयी। इस क्रम में निगम की टीम के द्वारा न्यूक्लियस मॉल रोड, रोशपा टावर, फिरायालाय चौक, रिलायंस मार्ट, कांके टोरड इत्यादि स्थलों पर सघन अभियान चलाया गया। रांची नगगर निगम की इंफोर्समेंट टीम के द्वारा यह अभियान चलाया जाएगा।

### चलती मोटरसाइकिल में लगी आग

**रांची।** रांची के बोड़ैया निवासी शशांक तिवारी ने विगत 12 दिसंबर को रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल खरीदी थी। इसमें 16 दिसंबर को चलने के दौरान आग लग गयी। शशांक तिवारी ने बताया कि चलने के दौरान एसएसपी आवास रांची के सामने चौराहे पर दिन में साढ़े तीन से चार बजे के बीच मोटरसाइकिल में आग लग गयी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सनहा दर्ज करने के लिए लालपुर थाना रांची में आवेदन दिया है।

### चेक बाउंस मामले में 14 लाख का जुर्माना

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की अदालत ने चेक बाउंस के 10 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए लता कॉलोनाइजर्स प्रा लि के प्रबंध निदेशक हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी आरोपी हरेंद्र सिंह को दोषी पाकर 14 लाख रुपये का जुर्माना देने की सजा सुनाई है। जिसे शिकायतकर्ता हुडको को मुआवजे के रूप में भुगतान किया जाना है। जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं करने पर उसे छह महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

नक्शा स्वीकृति से संबंधित याचिका पर सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा

# आरएमसी व आरआरडीए के स्वीकृत पदों को स्थायी नियुक्ति से भरने को क्या कर रही राज्य सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान और नक्शा स्वीकृति से संबंधित राधिका शाहदेव एवं लाल चिंतामणि नाथ शाहदेव की हस्तक्षेप याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम (आरएमसी) से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कई बिंदुओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। वहीं, हस्तक्षेपकर्ता की ओर से अधिवक्ता लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव ने पैरवी की।

सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि आरआरडीए में 1982 के बाद से कोई स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है और रांची नगर निगम में भी पिछले 20 वर्षों से नियुक्ति नहीं हुई है। कांट्रैक्ट बेसिस पर रखे कर्मियों से काम कराया जा रहा है।

रांची नगर निगम और आरआरडीए में जितने सृजित पद हैं, उससे भी कम कर्मियों से काम कराया जा रहा है। कुछ दूसरे विभागों से कर्मियों को लाकर और संविदा पर कुछ कर्मियों को रखकर काम चल रहा है। इससे नक्शा स्वीकृति मामले में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रांची नगर निगम और आरआरडीए में स्वीकृत पदों को स्थायी नियुक्ति से भरने के लिए सरकार क्या विचार कर रही है, इसकी जानकारी दें। इसके अलावा कोर्ट ने कहा कि रांची नगर निगम में नक्शा पास करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए ताकि नक्शा स्वीकृति में कम समय लगे। मकानों के मैप वेरीफिकेशन के बाद रांची नगर निगम में कागजात के साथ नक्शा जमा किया होता है और उसके बाद 10 दिनों के भीतर नक्शा स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया हो जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 जनवरी 2023 निर्धारित की है। इससे पूर्व अधिवक्ताओं की टीम की ओर से बताया गया कि टीम ने बुधवार को शाम 6 बजे रांची नगर निगम में नक्शा पास करने की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल की है। टीम ने इस बारे में कोर्ट को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी थी।

## बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में सुनवाई अब 5 जनवरी को



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी बाबूलाल मरांडी की ओर से शिकायतकर्ता कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडे सिंह की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब दिया गया। अब मामले की अगली सुनवाई 5 जनवरी 2023 को होगी। इससे पूर्व पिछली सुनवाई में दीपिका पांडेय सिंह की ओर से बहस की गई थी, पूर्व की सुनवाई में झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट व अन्य हाईकोर्ट के जजमेंट को प्रस्तुत किया गया था। कहा गया था कि स्पीकर के न्यायाधिकरण में जब तक कोई आदेश बाबूलाल मरांडी के मामले में न हो जाए, तब तक झारखंड हाईकोर्ट इस रिट को नहीं सुन सकता है। यह याचिका मेंटेनेबल नहीं है, इसलिए इसे खारिज कर देना चाहिए। संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत स्पीकर का न्यायाधिकरण किसी विधायक को डिसक्वालीफाई करने के निर्णय लेने में सक्षम है। हाई कोर्ट इसमें इंटरफेयर नहीं कर सकता है। यह भी कहा गया था कि किसी राजनीतिक दल का विलय करना या न करना यह विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है। झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। यह सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि बिना गवाही कराये ही स्पीकर के न्यायाधिकरण ने फैसला सुरक्षित रखा है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव के मामले में अलग–अलग तरीके से सुनवाई हो रही है, जो अनुचित है। प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह और अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की। वहीं दीपिका पांडे सिंह की ओर से अधिवक्ता सुमित गरोदिया ने पैरवी की।

## उच्च शिक्षा सचिव हाइकोर्ट में हुए हाजिर, दायर किया प्रतिशपथ पत्र मिली कोर्ट में उपस्थिति से छूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एएस कॉलेज, देवघर के शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दायर सिद्धो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी और राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए और कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया।

कोर्ट ने उनके प्रतिशपथ पत्र को देखते हुए उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की है। मामले की अगली सुनवाई 2 जनवरी 2023 को होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

**यह है मामला :** ए एस कॉलेज, देवघर में वर्ष 1990 के आसपास कई शिक्षक बहाल किए गए थे। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2018 में इन शिक्षकों को नियमितीकरण से वंचित रखते हुए यह आदेश पारित किया था कि जिस अवधि में प्रार्थी शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य किया गया है उस अवधि का उन्हें लोएस्ट वेतनमान दिया जाए। एकल पीठ के आदेश के आलोक में सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी के द्वारा राज्य सरकार से उक्त शिक्षकों के बकाया वेतन आदि की मांग की गई थी। उसके बाद राज्य सरकार ने सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया कि या तो वह अपने आंतरिक स्रोत से प्रार्थी शिक्षकों के वेतन का भुगतान करें या एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में एलपीए दायर करें। इसके बाद राज्य सरकार और सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी दोनों की ओर से हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दायर की गई है।

### रांची वीमेंस कॉलेज में आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल का प्लेसमेंट ड्राइव

**रांची।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने गुरुवार को रांची महिला कॉलेज का दौरा किया, ताकि उनकी कंपनी में विभिन्न रिक्तियों के लिए छात्राओं को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने पूर्वी भारत के विभिन्न स्थानों के लिए छात्रों को नियुक्त किया। पिछले साल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने रांची महिला कॉलेज से 29 छात्राओं को नियुक्त किया था, लेकिन इस साल वे पिछले साल के नंबरों को पछाड़ने की योजना बना रहे हैं। प्लेसमेंट ड्राइव रांची महिला कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ शमशुन निहार के निशक्त मार्गदर्शन में प्लेसमेंट टीम द्वारा चलाया गया।

### डोरंडा कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित

**रांची।** डोरंडा कॉलेज के गणित विभाग में गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा को गणित विभागाध्यक्ष डॉ निर्मला कुमारी ने बुके देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवनी में प्रकाश डाला। गणित विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कहा, उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को हुआ था। इन्ही के जन्मदिन पर भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है।

## ऑक्सफोर्ड (एन) स्कूल में वार्षिकोत्सव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ऑक्सफोर्ड (एन) स्कूल बहुबाजार रांची में गुरुवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आरपी शर्मा फॉर्मर डायरेक्टर बीआइटी, सिंदरी, झारखंड एवं फॉर्मर प्रिंसिपल सीआइटी, रांची थे। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की सेक्रेटरी श्रीमती किरण मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य राज किशोर शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर एवं ऑक्सफोर्ड (एन) स्कूल की प्राचार्या श्रीमती नेहा आर्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आगंतुकों व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की प्राचार्या नेहा आर्या ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा स्कूल नन्हे नौनिहालों के सम्यक विकास के लिए कटिबद्ध है। प्रशिक्षित एवं समर्पित शिक्षिकाओं की सहायता से हमारा प्रयास है कि बिना किसी दबाव के खुशनुमा माहौल में बच्चों को शिक्षा दी जाये।

## काम के दौरान मृत्यु होने पर मनरेगा मजदूरों को मिलेगा 2 लाख का मुआवजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मनरेगा श्रमिकों के काम के दौरान मृत्यु होने पर 2 लाख का मुआवजा दिया जायेगा। सरकार के स्तर पर झारखंड के मनरेगा श्रमिकों की अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी की गयी है। ग्रामीण विकास विभाग ने इससे संबंधित पत्र जारी कर दिया है। अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी हो जाने से अब श्रमिकों के साथ -साथ उनके परिजनों को भी इसका लाभ मिलेगा। बताते चलें कि मनरेगा योजना ग्रमीण क्षेत्रों मे रोजगार उपलब्ध कराने वाली देश की सबसे बड़ी योजना है। योजना में काम करने वाले श्रमिक गरीब परिवार से आते हैं और काम के दौरा किसी श्रमिक की मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। इसे देखते हुए श्रमिकों की अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी की गयी है।

### अनुग्रह अनुदान राशि में सरकार ने की बढ़ोतरी

**डोभा में डूब कर मरनेवाले श्रमिकों को भी मिलेगा मुआवजा :** बताते चलें कि वैसे श्रमिकों के अप्राकृतिक मृत्यु, हत्या होने अथवा स्थायी रुप से विकलांग, अग-भंग होने पर 75,000 की जगह 2,00000 तक का मुआवजा दिया जायेगा। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर 37,500 की जगह 75,000 और सामान मृत्यु होने पर 30,000 की जगह 1,00000 तक का मुआवजा दिया जायेगा। इसके अलावा मनरेगा से डोभा में डूब कर मरनेवाले मृतकों के आश्रितों को भी 50,000 के स्थान पर 1,00000 तक मुआवजा दिया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### सफलता के लिए जीवन में कर्म की ईमानदारी जरूरी : एसबीएन शर्मा

**रांची।** सही कर्म का निर्णय खुद अपने अंतरात्मा से लेना होता है। जीवन में जो सही है, उससे प्रेरणा ले और उसको आगे बढ़ने का साधन बनाए। सदैव ईमानदारी से क्रियाशील रहनेवाला व्यक्ति सफल होता है। चाहे वह शारीरिक स्वास्थ्य हो या मानसिक रूप से सजगता की बात हो। उक्त बातें उषा मार्टिन के यूनिट हेड एसबीएन शर्मा ने कही। श्री शर्मा गुरुवार को टाटीसिलवे मध्य विद्यालय में योग और नैतिक मूल्यों की शिक्षा अभियान के सत्रों की समाप्ति पर बोल रहे थे। उषा मार्टिन फॉउंडेशन और शालिनी अस्पताल के सौजन्य से अगले 50 दिनों तक टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के गांवों एवं स्कूलों में यह अभियान चलाया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी पढ़कर सफल होना चाहते हैं, तो सफलता के लिए ईमानदारी जरूरी है।

### गणित हमें जीवन की कठिनाइयों से लड़ने का तरीका बताता है : प्राचार्या किरण यादव

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या किरण यादव द्वारा रामानुजन के चित्र को माल्यार्पण कर के किया गया। प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए महान गणितज्ञ के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया और कहा कि गणित हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों से लड़ना सिखाता है और हमें जुझारू बनाता है। शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़ –चढ़ कर भाग लिया यथा गणित रेस, क्विज, सुडोकू और रूबिक्स क्यूब आदि सामिल थे।

### ईश्वर की दृष्टि में साधारण मनुष्य अपने आप में असाधारण व अद्वितीय है : बिशप बास्के

**रांची।** ईश्वर साधारण व्यक्ति को ही अपने विशेष और सारगर्भित कार्य के लिए चुनता है। उदाहरण के तौर पर बाइबल में वर्णित शमौन–हन्ना और साधारण गड़ेरियों के जीवन को लें तो वे इतने भाग्यशाली थे कि उन्हें अपने जीवन में जगत के उद्धारकर्ता ईश्वर को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसलिए ईश्वर की दृष्टि में साधारण से साधारण व्यक्ति ही असाधारण है, जो ईश्वर के प्रयोजन में शामिल किए जाते है। यह उद्गार चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) छोटानागपुर डायसिस के बिशप बी बी बास्के के है। गुरुवार को वे संत पॉल्स कॉलेज में क्रिसमस के मौके पर आयोजित थैंक्स गिविंग प्रेयर सह क्रिसमस कैरोल सर्विस के दौरान अपने प्रवचन में कही। अपने प्रवचन को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वरीय दृष्टिकोण सांसारिक नहीं बल्कि असामान्य, अलौकिक और आसाधारण होता है।

### पारस अस्पताल में हर सप्ताह एंटी नेटल क्लास

**रांची।** गर्भवती स्त्रियों के लिए पारस एचइसी अस्पताल में हर बुधवार एंटी नेटल क्लास होगा। पारस का हमेशा से यही प्रयास रहा है कि कैसे हर एक अनुभव को सुखद एवं यादगार बनाया जा सके और यह नेटल क्लास इसी प्रयास की ओर एक और कदम है। पारस अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति विभाग ने हर बुधवार को नि:शुल्क परामर्श सेवा का भी आयोजन किया है। पारस एचइसी अस्पताल के मदर एंड चाइल्ड यूनिट पारस ब्लिस में एंटी नेटल क्लास का आयोजन किया गया। गर्भावस्था से संबंधित सभी जानकारी इस नेटल क्लास में दी गयी, जो सभी गर्भवती स्त्रियों के लिए फायदेमंद है।

### प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर 25 से

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के संयुक्त तत्वधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संयुक्त रूप से बताया है कि रांची जिले में पहली बार आयोजित इस प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर में उदयपुर से आए चिकित्सकों द्वारा कमर का दर्द एवं घुटना का दर्द का इलाज प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया जाएगा।

### स्विगी से जुड़कर कारोबार बढ़ाया

**रांची।** राजधानी में चिकन बिरयानी सबसे ज्यादा ऑर्डर होने वाली डिश स्विगी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इस साल रांची में हजारों नए ग्राहक स्विगी से जुड़े हैं। यूजर्स ने सहूलियत को अपनाया और अब तक की तुलना में सबसे ज्यादा भोजन का ऑर्डर स्विगी को मिला। स्विगी फूड मार्केटप्लेस पर रांची और झारखंड में चिकन बिरयानी सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश बनकर सामने आई है। रांची में हॉट चिकन विंग्स सबसे ज्यादा ऑर्डर होने वाला स्नैक रहा, जबकि झारखंड में समोसा पहले नंबर पर रहा और पनीर पेटीज व पॉपकॉर्न ने इसके बाद अपनी जगह बनाई। रांची में रसगुल्ला और झारखंड में गुलाब जामुन सबसे ज्यादा ऑर्डर होने वाले डेजर्ट रहे।

### संत फ्रांसिस बनहोरा ने मनाया वार्षिकोत्सव

**रांची।** संत फ्रांसिस स्कूल बनहोरा का वार्षिकोत्सव गुरुवार को मनाया गया। समारोह में स्कूल के बच्चे–बच्चियों ने स्वगत गीत, रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थीं। स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए नेहा तिर्की ने कहा कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मनुष्य हर ऊंचाई को छूता है। शिक्षा की ज्योत को आगे बढ़ाने में संत फ्रांसिस स्कूल का अहम योगदान है।


### 'नयी चेतना, पहल बदलाव की' कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** डालसा, रांची ने नगर निगम, रांची के सहयोग से अटल वेंडर मोर्केट के परिसर में 'नयी चेतना, पहल बदलाव की' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पूर्णिमा मुखर्जी, आरती वर्मा, कोरोबी दत्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने डालसा का प्रतिनिधित्व किया और कहा कि लैंगिग भेदभाव के विरोध संविधान में बहुत सारे प्रावधान दिये हुए है। आम जनता को इसकी जानकारी नहीं रहने के कारण वो अपने साथ हो रहे भेदभाव के विरुद्ध आगे नहीं आते हैं।

## सरला बिरला विवि में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित के अनुप्रयोग पर वेबिनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंस के गणित विभाग ने विश्व के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 135वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गुरुवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित के अनुप्रयोग विषय पर वेबिनार का आयोजन किया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, हरियाणा के डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड साइंस के प्रोफेसर डॉ सीबी गुप्ता ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित के अनुप्रयोग पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। इस अवसर पर उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी, शिक्षा-दीक्षा एवं उनके क्रियाकलाप तथा विश्व में गणित के क्षेत्र में किये गये उनके योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की।




विशिष्ट वक्ता के रूप में हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के एसोसिएट एडवाइजर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, वैदिक गणित के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राकेश भाटिया ने वैदिक गणित के अनुप्रयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में वैदिक गणित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण हो गया है। इसका प्रयोग त्रिकोणमिती के साथ-साथ गणित के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने राष्ट्रीय गणित दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए हार्डी रामानुजन नंबर 1729 पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी से प्रेरणा लेकर छात्रों को गणित की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी तथा गणित को सरल तरीके से समझने के बारे में अपनी राय साझा की। गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत मंडल ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन गणित के सहायक प्राध्यापक डॉ विजय कुमार साव ने किया। इस वेबिनार में अप्लाइड साइंस, डिप्लोमा, बी टेक, बीएससी मैथमेटिक्स के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की। मौके पर इंजीनियरिंग के डीन प्रो श्रीधर बी दंडिन, डॉ पार्थ पॉल, डॉ नित्या गर्ग, डॉ पिंटू दास, डॉ मेघा सिन्हा, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, प्रो प्रकाश आनंद, डॉ अमृता सरकार, डॉ रोहित मुखर्जी, अभिजीत चटर्जी सहित सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कालजयी नाटक 'अंधेर नगरी चौपट राजा' का हुआ मंचन

## डिपार्टमेंट ऑफ इएलएल, डीएसपीएमयू और पत्रकार कला मंच की थी संयुक्त प्रस्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लिखित कालजयी नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का चौथा भव्य मंचन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) के सभागार में कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य तथा शिक्षकों और 500 से ज्यादा हाउसफुल सभागार में आयोजित किया गया। इस आयोजन में पत्रकार कला मंच के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

निलय सिंह के निर्देशन और संगीत निर्देशन में हुए इस नाटक में राजा के किरदार में संदीप नाग को फिर से दर्शकों ने पसंद किया, तो वहीं गोवर्धन दास बने अमित दास व महंत की भूमिका में एएसआरपी मुकेश और चेले की भूमिका में अथर्व सिन्हा को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



कारीगर के रूप में उद्यम प्रभात, मछलीवाली की भूमिका में कीर्ति, नारंगीवाली की भूमिका में सोनम गुप्ता, भिश्ती की भूमिका में परवेज कुरैशी अपने अभिनय से दर्शकों की वाहवाही बटोरने में सफल रहे। कसाई की भूमिका में जयशंकर ने कम समय में बेहतरीन छाप छोड़ी। इन सबके अलावा पठान के रूप में राज सिंह, सिपाही की भूमिका में विनय कुमार मुर्मू व अभिषेक, फरियादी के रूप में सोनम, चूनेवाली के रूप में पियालि, गरेड़िया के रूप में राहुल सहित सभी कलाकार अपने पात्र के साथ न्याय करते दिखे। संगीत इस नाटक की खासियत रही और समसामयिक विषयों को बहुत सरल और मनोरंजक तरीके से नाटक में दशार्या गया। नेपथ्य में सह निर्देशन अमित दास, लाइट सौरव मुखर्जी, कॉस्ट्यूम संजय लाल, नाल में जाहिद खान और कोरस में बसंत, यमन, अंकित और पम्मी रहीं। मंचन में श्योर सक्सेस के सुनील जायसवाल, एक्सपोजर के संजय लाल, तरन्नुम संगीत संस्थान, देशप्रिय क्लब और यूनियन क्लब का सहयोग रहा।

मुख्य अतिथि डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने मंचन की सराहना करते हुए कहा कि नाट्य विधा से छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलता है. स्वागत भाषण ईएलएलके कॉर्डिनेटर डॉ विनय भरत ने दिया. उन्होंने मौके पर छात्रों को थियेटर की बारीकियों के गुर भी सिखाये। पत्रकार कला मंच के अध्यक्ष अमित दास को रिवोल्ट जनमंच के संस्थापक अध्यक्ष डा प्रणव कुमार बब्बू ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मंच संचालन सत्यप्रकाश पाठक और धन्यवाद ज्ञापन अक्षय कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में ईएलएल विभाग के 70 छात्रों को जिन्होंने रक्तदान किया था, उन्हें सर्टिफिकेट वितरित किया गया। मौके पर उपस्थित डीएसडब्लू डॉ अनिल कुमार को उपस्थित छात्रों ने सम्मानित किया। रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

### आरके चौधरी बने झारेरा के चेयरमैन, मामलों का होगा निपटारा

**रांची।** झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (झारेरा) का चेयरमैन आरके चौधरी को बनाया गया है। वहीं वीरेंद्र भूषण को झारेरा का सदस्य बनाया गया है। अब रेरा के पेंडिंग मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। बताते चलें कि दो महीने से रेरा के अध्यक्ष का पद खाली होने के कारण कोर्ट में सुनवाई नहीं हो रही थी। वहीं लगातार कंप्लेन की वजह से आवेदकों की लिस्ट लंबी हो गई है। झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी (झारेरा) के 2016 में अस्तित्व में आने के बाद खरीदारों को उम्मीद थी कि अब बिल्डर उन्हें नहीं ठग सकेंगे. अगर उन्हें ठगा भी जाएगा तो न्याय जरूर मिलेगा। रेरा से जुड़े लगभग 2300 केस है जिनकी सुनवाई रेरा कोर्ट में होनी है। इसमें एडजुडिकेटिंग आफिसर के पास 822 मामले पेंडिंग है, जबकि आथोरिटी के पास 1465 मामले है।

स्पीड न्यूज

## मध्याह्न भोजन स्टेरिंग सह अनुश्रवण समिति की बैठक

**राहे।** प्रखंड सभागार में बीडीओ हारून रशीद की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय मध्यान्ह भोजन स्टेरिंग सह अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में मध्यान्ह भोजन से संबंधित समस्याओं को रखा गया । मध्यान्ह भोजन से संबंधित चावल के वितरण व्यवस्थाए मेनू आधारित भोजन देने। गैस से खाना पकाने सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा किया गया। मौके पर बीईओ विमल कांत झा, बीपीओ प्रवीण कुमार, बीएसओ विष्णु खंडित, कल्याण पदाधिकारी एनुअल हक, सुदर्शन सिंह सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यए संयोजिका विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## एसएसबी कैंप सताकी में कंप्यूटर प्रशिक्षण

राहे। प्रखंड के सताकी स्थित एसएसबी 26 वीं बटालियन ए कंपनी के द्वारा 30 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को किया गया । अम्बाझरिया इर सताकी पंचायत के 10 युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट दिया गया। इधर परिसर में पोषक क्षेत्र के लोगों के लिये नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में 144 लोगों को जांच उपरांत दवा दिया गया। महिला चिकित्सक उर्मिला गाड़ी ;कमांडेंट चिकित्सा निरीक्षकद्ध के द्वारा लोगों की जांच की गई और दवा दिया गया। मौके पर मृत्युंजय कुमार एरितेश कुमारए केदार कुमारए हरदीप सिंह सहित एसएसबी के जवान उपस्थित थे।

## फुदुराम पहान स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**राहे।** प्रखंड के शीशीताड़ मैदान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन। आठ टीमों के बीच खेल हुआ। टाईब्रेकर में फुलवार कि टीम ने 1.0 से एस एस स्पोर्टिंग सोनाहातू को हराया। प्रथम पुरस्कार विजेता टीम फुलवार को 15001 रुपया विधायक प्रतिनधि सह राहे प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ द्वारा पुरस्कृत किया गया। वही उपविजेता एस एस स्पोर्टिंग सोनाहातू को मुखिया प्रतिनिधि संतोष मुंडा, रंगबहादुर महतोए पंचायत समिति सदस्य रीना देवी के द्वारा सयुक्त रूप से दिया गया। मौके पर सेवाराम भोगता, मनोरंजन भोगता, गुलेश्वर भोगता, मुकेश महली, जगमोहन लोहराए, सुनील महली उपस्थित थे।

## स्कूली छात्राओं ने लजीज व्यंजनों का किया प्रदर्शन

**पिठोरिया।** राजकीय कृत उत्क्रमित23च्च विद्यालय पिठौरिया के वर्ग दशम की बच्चियों के द्वारा होम साइंस के प्रेक्टिकल क्लास का आयोजन किया गया। कार्यकम में बच्चियों द्वारा कई प्रकार के लजीज व्यंजन बनाकर प्रदर्शन किया । जिसमें विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा । होम साइंस के शिक्षिका श्रीमती जया कुमारी पांडेय ने व्यंजन बनाने की विधि को बारीकी से बच्चों को बतलाया। वही प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती कुमकुम ने अच्छे से व्यंजन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, तीन गिरफ्तार

**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने अवैध कोयला के साथ एक 12 चक्का ट्रक को जब्त कर गुरुवार को चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायीक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक के चालक चान्हो थानाक्षेत्र के बलथरवा निवासी रामजीत लोहराए बेलगड़ा निवासी लक्ष्मण गोप और चंदवा सातीतांड निवासी मुकेश यादव को जेल भेजा गया हैं। थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोयला लदे उक्त 12 चक्का ट्रक को बलथरवा के पास पकड़ा गया था।ट्रक में मौजूद लोगों से पुछताक्ष करने तथा उनलोगों द्वारा प्रस्तुत कागज का सत्यापन करने ने बाद पता चला कि ट्रक में अवैध कोयला लदा है। जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीन लोगों को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार अवैध कोयले के धंधे में कुछ और लोगों के संलिप्त होने की संभावना है।

# सफलता की परिभाषा अलग हो सकती है, अच्छे इंसान की नहीं

## माउंट कार्मेल स्कूल की सिल्वर जुबली

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सफलता का अलग परिभाषा हो सकता है, लेकिन सफल व अच्छा इंसान बनने के लिए इम्मादारी जरूरी है। उक्त बाते शनिवार को माउंट कार्मेल (आईसीएसई) स्कूल ओरमांझी के सिल्वर जूबली महोत्सव के मुख्य अतिथि जैविक उद्यान के निदेषक आईएफएस जबर सिंह ने कही। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेषक आईएफएस जबर सिंह व प्रमुख अनुपमा देवी ने किया। इस अवसर पर स्कूल के लगभग दो हजार छात्र-छात्रों ने एक साथ नृत्य कर धमाकेदार प्रस्तुत दी। इसके अलावा अलग-अलग राज्य के वेष-भूषा में नृत्य कर देष की एकता का संदेष दिया। वहीं स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों व सिनियर छात्र-छात्राओं द्वारा भी आकर्षक नृत्य



सिल्वर जुबली के मौके पर बैंड की धुन बजाते छात्रगण।

प्रस्तुत किया गया। वहीं स्कूली बच्चों की शानदार बैंड धून ने समारोह में उर्जा भर दिया। निदेशक जबर सिंह ने स्कूल व छात्रों की प्रस्तुती की सरहाना करते हुए कहा माउंट कार्मेल स्कूल के छात्रों को बेहतर षिक्षा के साथ बेहतर महौल भी मिल रहे हैं। 25 वर्ष में ओरमांझी प्रखंड का शैक्षणिक स्तर में काफी बदलव हुआ है। किसान व मध्यम वर्ग के माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति उर्ज से ओतप्रोत हैं। आज क्षेत्र के श्रेष्टतम स्कूलों में माउंट कार्मेल का नाम है। इसका श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के साथ अभिभावक को भी मिलना चाहिए। उन्होने कहा बच्चें अपने माता-पिता व आसपास जागरूकता फैला पर्यावरण व वन्यजीवों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भुमिका निभा सकते हैं। वहीं प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा किसी भी विद्यालाय के शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए छात्र, शिक्षक व अभिभवकों में सामंजस्य स्थापित करना जरूरी है।

### 25 वर्ष में स्कूल ने हासिल की कई उपलब्धियां

फादर मैथ्यू व सिस्टर ब्रिजिट ने 25 वर्ष में स्कूल द्वारा स्थापित की गई उपलब्धियां बताए। मौके पर बीडीओ विजय सोनी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, फादर कुरियन, फादर जॉर्ज, फादर दीपक, फादर जैकब, फादर नेलषन, फादर मैथ्यू, सिस्टर ब्रिजिट, फिरोज अंसारी, निषचल परिहार, ज्योति चुनचुन, राखी श्रीवास्तव, सुधा शर्मा, शिवशंकर दत्ता, रिमा रजक के अलावे अभिभावक उपस्थित थे।

### समरोह में पुरस्कारों की बारिश



समारोह में अतिथियों द्वारा स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्टूडेंट ऑफ एयर अभिषेक कुमार व स्कूल टॉपर कंचन कावेरी को ग्यारह हजार व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेस्ट हॉउस ब्लू, षिक्षा, खेल व विभिन्न उपलब्धियों के लिए दर्जनों छात्र-छात्रा, शिक्षक व अभिभावकों को भी पुरस्कार दे सम्मानिक किया गया।



पुरस्कार के साथ स्कूल की शिक्षिकाएं।

## नामकुम: भतीजी को स्कूल से लाने जा रहे चाचा की सड़क हादसे में मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** गुरुवार सुबह भतीजी को स्कूल से लेने जा रहे चाचा की सडक दुघर्टना में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना नामकुम थाना क्षेत्र के रांची टाटा रोड पर जामचुंआ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय समीप की है। बताया जा रहा है कि लाली गांव के महुवाटोली का रहनेवाला राजेश महतो अपने बड़े भाई रंथुवा महतो की बेटी शिवानी कुमारी को क्रिसमस की छुट्टी हो जाने पर कस्तूरबा स्कूल से लेने जा रहा था। उसी दौरान रांची से टाटा जा रही जय पवन पुत्र बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया और दुघर्टना के बाद भाग रही बस को पुलिस ने दशम फॉल थाना क्षेत्र में पकड लिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के छोटे भाई राजू महतो के बयान पर पुलिस ने बस चालक पर लापरवाही से बस चलाते हुए राजेश की जान लेने की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इधर पुलिस ने देर शाम को राजेश का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद राजेश का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

## फर्जी ढंग से लोन पास करवा कर साईबर ठगों ने निकाले 28 हजार

**अनगड़ा।** साईबर अपराधियों के द्वारा घनी लोन्स एण्ड सर्विसेस लिमिटेड के नाम से फर्जी तरीके से एक सेवा निवृत सैनिक बाबूलाल मुंडा के नाम से लोन स्वीकृत करवा कर उससे 28 हजार रुपये की निकासी का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला उस समय प्रकाश मे आया जब घनी लोन्स एंड सर्विसेस लिमिटेड के कलेक्शन एजेंट नीरज सिंह लोन कलेक्शन करने के लिए सालहन अनगड़ा स्थित उसका घर पहुंचा। पूर्व सैनिक ने बताया कि न तो उसने उसके बैंकिंग कम्पनी से लोन के लिए कभी आवेदन किया है ना ही उसने उसके कम्पनी से कोई राशि निकासी की है। उसके नाम से लोन स्वीकृत करते समय कंपनी के अधिकारी न तो ऑन लाइन और ना ही भौतिक रूप से कभी उसके साथ सम्पर्क किए हैं तो फिर उसके नाम पर कैसे लोन स्वीकृत हो गया। जब लोन कलेक्शन एजेन्ट के विरुध कानूनी कार्रवाई काने की धमकी दी गयी और उसे बैठा कर रखा गया तो उसने कम्पनी के फिराया लाल रांची स्थित शाखा कार्यालय के शाखा प्रबंधक से फोन पर बात करवाया शाखा प्रबंधक के यह आग्रह करने पर कि पूर्व सैनिक बाबुलाल के नाम से उसके कम्पनी मे जो लोन चल रहा है। उसके विरुध नो डीयूज सर्टिफीकेट ऑन लाईन जारी कर बाबूलाल मुन्डा के मोबाईल पर मेल कर दिया जाएगा तब जाकर कलेक्शन ऐजेन्ट से वॉन्ड लिखवा कर छोड़ा गया।

## बीएयू में चहेते ठेकेदारों को निविदा देने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कार्य यंत्र विभाग में 17 लाख रुपए की राशि की निविदा अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने एक चहेते ठेकेदार को देने की पूरी तैयारी कर ली है। इसकी निविदा प्रक्रिया 21 दिसंबर 2022 को संपन्न की गई। जानकार सूत्रों और संवेदकों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा 6 कार्यों का निविदा भरने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें ऑनलाइन निविदा भरने की तिथि 19 दिसंबर थी। वही निविदा बोली मूल प्रति कार्यालय में जमा करने की तिथि 21 दिसंबर थी। इस निविदा में एक कार्य की

> नाम नहीं छापने की शर्त पर एक संवेदक ने बताया कि एनएएचईपी प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक सह वानिकी संकाय के प्रोफसर डॉ एमएस मलिक ने अपने चहेते ठेकेदार को कार्य आवंटन करने हेतु निदेशक कार्य एवं संयंत्र विभाग से पैरवी भी की है।

प्राक्कलिपित राशि लगभग 17 लाख रुपए की थी। जो बीएयू के एनएएचईपी प्रोजेक्ट का कार्य था। इस कार्य में कई ठेकेदार ने ऑनलाइन निविदा डाली थी। जब मूल प्रति कार्यालय में जाकर ठेकेदारों ने डालना चाहा तो इसे डरा धमका कर मेरा कार्य किया हुआ है यह बोलकर और भ्रमित कर इन्हें मूल प्रति डालने से रोका गया।

## सिने कलाकारों ने किया जगुआर कैंप का परिभ्रमण

### कैंप परिसर की मनोहारी छटा का उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** रांची में आयोजित पांचवां झारखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल एंड अवार्ड (जिफा) समारोह में भाग लेने मुंबई से आये फि ल्म कलाकारों ने टेंडर स्थित जगुआर कैंप का भ्रमण किया। उन्होंने यहां अधिकारी और जवानों के साथ कुछ समय बिताया। फिल्म नदिया के पार के प्रसिद्ध कलाकार सचिनए चर्चित अभिनेत्री शिखा मल्होत्रा, शिवानी शर्मा व एंजेल मेरीना तिर्की ने जगुआर के कार्यों की जमकर तारीफ की। इतना ही नहीं उनके त्याग, बलिदान एवं समर्पण को नमन करते हुये हौसला अफजाई भी की गयी। कलाकारों ने कैंप की रमणीय मनोहारी छटा का लुत्फ उठाया। उन्होंने एक.एक पल को यादगार बताते हुये भविष्य में भी यहां आने की इच्छा जतायी।

### कलाकार हुए सम्मानित



समारोह के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक अनुप बिरथरे ने सचिन समेत सभी कलाकारों को प्रतीक चिन्ह भेंट किये। उन्होंने कैंप पुन: आने का न्योता दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, पुलिस अधीक्षक संजय मुकुल किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर, कर्नल जेके सिंह, रमाकांत उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## बचरा स्कूल के 11वीं के छात्र ने की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** बचरा हाई स्कूल के पीछे रह रहे बचरा हाई स्कूल प्लस टू के छात्र संदीप पासवान ने बुधवार रात्रि फंदे से झूल कर आत्महत्या कर लिया। मृतक छात्र संदीप पासवान, पिता दिनेश पासवान उम्र 18 वर्ष बालूमाथ का निवासी था। वह स्कूल के प्रधानाध्यापक महेंद्र पासवान का रिश्ता में भतीजा था। वह स्कूल से लौटने के बाद रात्रि में अपने रूम में रहकर अन्य दिनों की तरह पढ़ाई किया करता था। साथ में मृतक संदीप पासवान का एक भाई भी रूम में रहकर पढ़ाई किया करता था। जो दो-चार दिनों से घर गया हुआ है। वह बुधवार को स्कूल से पढ़कर अपने रूम में गया था। गुरुवार को जब वह स्कूल नहीं आया तो प्रधानाचार्य ने छात्रों को उसे देखने भेजा। छात्रों ने वहां देखा कि कि संदीप पासवान फांसी के फंदे से झूल रहा था। छात्रों ने इसकी सूचना शिक्षकों को दी। शिक्षकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस फंदे से झूलता हुआ शव को उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया । इधर इस घटना की प्राथमिकी पिपरवार थाने में दर्ज कर ली गई है ।

## गणित दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

**बेड़ो।** बेड़ो के बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जयंती में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को चार ग्रुप में बांटकर बच्चों के बीच गणित के फॉमूर्ला से संबंधित सवाल ए प्रोब्लम सॉल्विंग सवाल एवं महान गणितज्ञों से संबंधित सवाल पूछा गया। जिसमें ग्रीन हाउस को प्रथमएयेलो हाउस को दूसरा एवम रेड हाउस को तीसरा स्थान मिला। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों को बताया कि भारत में हर साल 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को पूरे देशभर में राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## नीरजा सहाय डीएवी में मना गणित दिवस

**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या किरण यादव द्वारा रामानुजन की चित्र को माल्यार्पण कर के किया गया। प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए महान गणितज्ञ के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया और बोला की गणित हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में लड़ना सिखाया है और हमें जुझारू बनाता है।

## हुंडरू फॉल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक

**सिकिदिरी।** हुंडरू फॉल में सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वच्छता को लेकर गुरुवार को पुलिस प्रशासन, पर्यटन कर्मी व दुकानदारों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने किया। बैठक में पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर चर्चा की गई। क्रिसमस एंव नववर्ष के अवसर पर काफी संख्या में सैलानी हुण्डरु फॉल घुमने पहुंचते है। बैठक में निर्णय हुआ की पर्यटन स्थल में शराब पीने एवं बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहेगा। प्लास्टिक एवं थमोकोल के प्लेट एवं दोना का उपयोग पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। तेज आवाज में डीजे साउण्ड नही बजाया जाएगा। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन दुकानदार व पर्यटन कर्मी के साथ मिलकर काम करेंगे। बैठक में एसआई अरूण कुमार सिंह, झारखंड सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, संरक्षक बालेश्वर बेदिया, उपमुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, नित्यानंद बेदिया, डॉ सचिमोहन कुमार, शुभम बेदिया, पवन कुमार भोगता, चंद्रमोहन भोगता मौजूद थे।

# खेती के साथ मनरेगा योजनाओं से जुड़ें किसान

## मनरेगा आयुक्त ने किया साहेर गांव का दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी द्वारा नगड़ी प्रखण्ड के साहेर ग्राम का दौरा किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगड़ी सहित राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक गीत और नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर मनरेगा आयुक्त द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि हमें योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। जिससे हर व्यक्ति स्वावलंबन और आत्मविश्वास को सिद्ध कर सके। उन्होंने कहा कि साहेर के ग्रामीणों का यह उत्साह देखकर प्रतीत होता है कि विकास की ओर हम सभी अग्रसर हैं। उन्होंने ग्रामीणों को खेती के साथ-साथ मनरेगा की योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। मेधा मिल्क डेयरी प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया। मनरेगा आयुक्त द्वारा दुधारू पशुओं के स्वास्थ एवं दुग्ध उत्पादनए बिक्री की जानकारी ली ।साथ ही बायोगैस प्लांट के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। साहेर गांव में बिरसा हरित ग्राम योजना का अवलोकन किया।

### आम, केला, पपीता की हुई है बागवानी

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगभग 500 आम, केला एवं पपीता के पौधे हैं एवं लगभग 3,000 सागवान, शीसम एवं गमहार के पौधे शामिल हैं। मनरेगा आयुक्त द्वारा नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत के आकांक्षा शाही का सिंचाई कूप, जगेश्वरी देवी का आम बागवानी, अनुष्का देवी का आम बागवानी, प्रेम देवी का आम बागवानी, बंधु तिर्की का मुर्गी शेड निरीक्षण किया।

## एक नजर में

### ब्राइट हॉप्स स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**मांडर।** हेसमी स्थित ब्राइट हॉप्स स्कूल मे नववर्ष के आगमन के पूर्व स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन गुरूवार को किया गया। इस अवसर पर बच्चो के बीच फैंसी ड्रेसए डांस और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे डॉक्टरए पुलिसए जादूगरए किसानए झांसी की रानी सहित शामिल हुए स्कूल में उत्साह का माहौल था। कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएए सभी प्रतिभागियों को कक्षा एक से लेकर दस तक को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य शिव रंजन कुमार सिन्हा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार भार्गवए निशांत कुमारए सचिन कुमार शिक्षिका पूजा कुमारीए स्वाति कुमारीए सुमन देवी साक्षी कुमारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### चैम्पियन फुटबॉल ट्रॉफी: अविनाश की हैट्रिक से बरियातू अगले राउंड में पहुंचा

**सिकिदिरी।** सद्भावना चैम्पियन फुटबॉल ट्रॉफी के दुसरे दिन राजा स्पोर्ट्स बरियातू ने जगरन्नाथपुर 3.0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में खेले गए मैच में मैच में राजा स्पोर्ट्स बरियातू के अविनाश का प्रदर्शन शानदार रहा। अविनाश ने 63 वेंए74वें व 83वें मिनट में एक के बाद एक शानदार गोल कर टीम को जीत दिला दी। मुख्य अतिथि महालक्ष्मी फाईबर इंडस्ट्रीज के महाप्रबंधक दीवाकर राव व विशिष्ट अतिथि अनगड़ा के जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने बरियातू के अविनाश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस मौके पर आमाल खानए शिवदास गोस्वामीएअध्यक्ष राजेश पाहनएसचिव प्रकाश यादवएशिवधर रजवारएफारुक खानएचमरू बेदियाएप्रकाश मुंडा एपवन महतोएबलराम साहु आदि उपस्थित थे।

### इटकी: शिविर में 40 लोगों के नेत्रों की हुई जांच

**इटकी।** लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची व इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट एंड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को इटकी रसूल नगर में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 40 लोगों के नेत्रों की जांच की गई। जिसमे आठ लोगों में मोतियाबिंद पाये गये। सभी आठ लोगों का शनिवार को लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची में मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। लाइफ केयर हॉस्पिटल के अमन भारती व भरत कुमार ने नेत्र रोग की जांच किया। शिविर में सेवा निकेतन ट्रस्ट एंड हॉस्पिटल के डायरेक्टर मकसूद आलम, सुरैया परवीन, लीला कुमारी व आकिब अहमद सहित अन्य ने सहयोग किया।

### इटकी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



**इटकी।** इटकी पब्लिक स्कूल का 21वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं ने नृत्य गानए नाट्य सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर निदेशक अब्दुल वाहिद ने कहा कि इटकी पब्लिक स्कूल शीघ्र ही 12 वीं तक की शिक्षा प्रारम्भ करने जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल उप निदेशक फरहान हासमी, प्राचार्य राजेंद्र गोसाई, आदित्य साहू, ममता कुमारी, आफरीन नाज, रूबी लाहा सहित छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

### कुर्गी लैंपस में खुला धान क्रय केंद्र

**इटकी।** प्रखंड के कुर्गी लैंपस कार्यालय में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उदघाटन प्रमुख किरण उरांव ने फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने कहा कि धान क्रय केंद्र में धान की खरीदारी से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया रमेश महलीए लैंपस के अध्यक्ष सोमा उरांव व बीएन झा मौजूद थे।

### संत एलोयसियस स्कूल में वार्षिक खेलकूद



**सिकिदिरी।** संत एलोसियस प्लस टू स्कूल अनगड़ा में गुरूवार को 12वां वार्षिक खेलकूद सह क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में विधायक राजेश कच्छप व विशिष्ट अतिथि के रुप में अनगड़ा बीडीओ उत्तम प्रसाद उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि बच्चें देश के भविष्य हैं, उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बच्चें अपनी रूचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करें। बीडीओ उत्तम प्रसाद ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। मौके पर विद्यार्थियों को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर इमेल्डा को सर्वश्रेष्ठ हाउस चुना गया। विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर फादर आनंद भेंगरा, मुखिया सीमा देवी, सिस्टर मर्सी मैथ्यू मौजूद थे।

# सुरक्षा सप्ताह 2022 के तीसरे दिन 'निरीक्षण दिवस' मनाया गया

## मुख्य महाप्रबंधक ने कहा, समय ज्यादा लगे लेकिन सुरक्षा से कोई समझौता न करें

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर उपस्थित अधिकारी।

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में 65वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2022 के तीसरे दिन 'निरीक्षण दिवस' मनाया गया। निरीक्षण डीएमएस (खनन)-कोडरमा क्षेत्र, आईएसओ, जीएम (सुरक्षा) सीसीएल और आम्रपाली ओपनकास्ट परियोजना से आए निरीक्षण दल द्वारा किया गया। इस मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं के मुख्य महाप्रबंधक, सीएमएचक्यू एनटीपीसी से जीएम (सुरक्षा), खान एजेंट, खान प्रबंधक, परियोजना के प्रमुख टीएसएमपीएल (एमडीओ) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डायरेक्टर माइंस सेफ्टी, आईएसओ और निरीक्षण करने वाली टीम को पौधा और शॉल देकर किया गया। खानों में सुरक्षित प्रथाओं पर सुरक्षा अधिकारीयों द्वारा प्रस्तुतीकरण के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। इसके बाद टीम माइंस के लिए रवाना हुई और मंच पर उनका भव्य स्वागत परंपरागत आदिवासी नृत्य से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नव प्रकाश देवरी ने गुब्बारे छोड़े और दीप प्रज्वलन के बाद एनटीपीसी गीत के साथ सभी ने सुरक्षा की शपथ ली। संगीत टीम ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जो खानों की कला और सुरक्षित संस्कृति का एक अद्भुत प्रदर्शन था। नृत्य संगीत और नुक्कड़ नाटक मुख्य रूप से सुरक्षित खनन कैसे की जाती है और नियम कानून कैसे पालन किए जाते हैं इससे जुड़ा था। खानों में कार्यरत 12 महिला डंपर संचालकों को परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक व अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजनाओं के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने अपना सुरक्षा संदेश देते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कही। जोहार से अपना वक्तव्य शुरू करने वाले एचओपी ने पकरी बरवाडीह सीएमपी परियोजना द्वारा हासिल किए गए हाल की उपलब्धियों के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज हम निरंतर नई उपलब्धियों को छू रहे हैं। मुख्य महाप्रबंधक ने यह भी याद दिलाया कि जब कोयले की डिमांड देश में कुछ महीने पहले बढ़ गई थी तो सरकार ने हमें भी प्रोडक्शन बढ़ाने का निर्देश दिया था जिसे आप सब के अथक परिश्रम की वजह से हासिल किया जा सका और हमने देश के विभिन्न थर्मल पावर प्लांट में कोयला सप्लाई की। कर्मचारियों को सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि जब हम माइंस आते हैं तो कोई एडमिनिस्ट्रेटिव हायरारकी नहीं होती हम सब एक समान होते हैं तो बिना झिझक के अगर कहीं भी कोई समस्या आए तो जरूर पूछें और सुरक्षित होकर काम करें। मुख्य अतिथि नव प्रकाश देवरी ने कहा कि मैं शुरू से इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ा हूं, जैसे 'किसी माता-पिता को अपने बच्चे की सफलता पर खुशी महसूस होती है वैसे ही आज मुझे इस परियोजना को बढ़ते हुए देख खुशी महसूस हो रही है।' कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जहां व्यापार परीक्षण विजेताओं, श्रमिकों के लिए सुरक्षा स्टार और सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक हुए घायल


दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ बोकारो मार्ग एनएच 23 गोला रोड झंडा चौक के समीप गुरूवार की शाम दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा दुर्घटना में घायल युवकों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवकों की गंभीर स्थिति देख बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

## एक नजर में

### 300 स्वास्थ्य सुरक्षा किट का किया गया वितरण

**कटकमसांडी।** सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से प्रखंड क्षेत्र के करीब 300 ग्रामीणों के बीच गुरूवार को स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया गया। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरणा लेकर हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा द्वारा लोकसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामों व शहरी क्षेत्रों में नागरिकों की सुरक्षा हेतु स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया जा रहा है। जयंत सिन्हा के माध्यम से कहा गया कि आज के दौर में स्वास्थ्य ही सबसे अमूल्य धन है और इसकी रक्षा करना हम सबका परम कर्तव्य है। हम स्वस्थ रहेंगे तभी हमारा परिवार, समाज और देश स्वस्थ रहेगा। इसके लिए हमें जागरूक रहने की भी जरूरत है। इस अवसर पर हिमांशु कुमार, आशीष सिंह, कटकमसांडी प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजा, अनिल सिन्हा, विजय दांगी, प्रकाश यादव, तिवारी यादव, किशोरी यादव, बबलू खान, राकेश यादव, अजय यादव, हलीम खान, सुनील प्रजापति सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### सबकी योजना, सबका विकास योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**चरही।** चुरचू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार से तीन दिवसीय सबकी योजना - सबका विकास योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रशिक्षण गुरुवार 22 दिसंबर से शुरू हुई जो 24 दिसम्बर तक चलेगी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड के सभी आठ पंचायतों में चल रहे विकास योजनाओं को किस तरह से क्रियान्वयन किया जाना है, विभाग से जुड़े कर्मियों को जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में सभी आठ पंचायतों के पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,सभी पंचायतों के दो वार्ड सदस्य,मनरेगा के मेट,जल सहिया,सहिया,स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सदस्य प्रशिक्षण में शामिल रहे। प्रशिक्षक के रूप में पंचायती राज पदाधिकारी त्रिदेव कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी असीम टोप्पो, जेएसएलपीस, प्रदान जैसे कार्य कर रहे संस्थाओं के लोग व कम्युनिटी मोबिलाइजर शामिल थे। सबकी योजना सबका विकास योजना प्रशिक्षण शिविर में योजना में मनरेगा, पेय जल स्वच्छता, 15वें वित, कृषि, बाल विकास, स्वास्थ्य कल्याण, पशुपालन, शिक्षा-संस्कृति, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, मत्स्य आदि विभागों से योजना बनाने के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थी ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम में 31 जनवरी 2023 तक अंकित करवाएंगे। उसी आधार पर भविष्य में कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कीट, अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। मौके पर प्रधान लिपिक खुर्शीद आलम,अनूप कुमार रवि,मनोज गिरी, ब्यास मुनि गोप, रामेश्वर राम समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया प्रांगण में फैला है झाड़ियों से कचरा

**टाटीझरिया।** केन्द्र सरकार नरेंद्र मोदी जहां एक ओर सफाई - अभियान एक कदम स्वक्षता की ओर लगा है। आम जनता को सफाई के प्रति जागरूक होने की अपील कर रहे हैं तो वही दूसरी ओर टाटीझरिया प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय प्रांगण टाटीझरिया के चारों ओर झाड़ियों में कचरा फैला है। जहां कभी भी विषैले जंतु प्रवेश कर क्षेत्रीय लाभुको को आपातकालीन दुर्घटनाओं का दावत देने का संकेत दे रहा है। वही आवागमन करने वाले क्षेत्रीय लाभुक महिला एवं पुरुषों को आपातकालीन समय के दौरान मल मूत्र त्याग ( सौच) स्थल सौचालय में प्रवेश करने के दौरान झाड़ियों,कचरा, साफ सफाई ,पानी की व्यवस्था नही को देख जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में चारों ओर फैला हुआ कचरा की साफ सफाई, भ्ष्टार्चार पर अंकुश लगाने सबंधी समस्याओं का जनप्रतिनिधियों संग नेता मंत्रियो को मामले को संज्ञान में लेने की जरूरत है।

### रामलखन मिस्त्री हुए पंचतत्व में विलीन

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो निवासी निगरानी दुर्गा पूजा समिति सदस्य सीटर मिस्त्री उर्फ रामलखन मिस्त्री उम्र लगभग 87 वर्ष की बुधवार को बीते रात्रि लगभग 8 बजे मौत हो गई। वे काफी दिनों से बीमार थे। बता दे कि वे समाज सेवी एवं मृदुल भाषी प्रवृत्ति के थे। उन्होंने अपने पीछे पत्नी,बेटा बेटी बहु,संग पूरे भरे परिवार छोड़ गये। परिजनों का रो रोकर बुरा है। पार्थिव शरीर को पुत्र कपिलदेव राणा ने झरपो शमसान घाट में मुखाग्नि दिया। समिति के सदस्यों ने भगवान से मृत प्राणी की आत्मा की शान्ति एवं सद्गति के लिए प्रार्थना करते हुए कामना किया। और शोकाकुल परिवार को धैर्य रखने की संतावना दिया। मौके पर समिति अध्यक्ष शिबु प्रसाद सोनी, छक्कन पांडेय सचिव, भुवनेश्वर प्रसाद , कोषाध्यक्ष किशोरी प्रसाद उपाध्यक्ष, रामबिलास शर्मा, जयनाथ महतो, सहदेव महतो, चन्दर प्रसाद, रामलखन राणा, लखन पांडेय, मनोज पांडेय, वकील पांडेय, कुलदीप प्रसाद जयनाथ प्रसाद, झमन राम, फलजीत भुईयां, जीतन राम? सुरेश राम, समिति के सभी सदस्य शोक व्यक्त किया।

### बिरहोर टोला के कई बच्चे चर्म रोग से पीड़ित

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा और इरगा पंचायत के बड़वार विरहोर टोला के दर्जनों बच्चे गंभीर चर्म और अन्य रोगों से पीड़ित है पर इनका समुचित इलाज नही हो पा रहा है।सरकार के तरफ से इन्हें विशेष संरक्षित समुदाय का दर्जा दिया गया है पर इनके इलाज की तरफ इनका कोई ध्यान नही है। चर्म रोग से पीड़ित बच्चों के माता पिता का कहना है कि इन बच्चों के इलाज वे गरीबी के कारण नही करा पा रहे है उनके मुहल्ले में बीडीओ, सीओ, मुखिया सहित कई लोग आते है पर किसी भी तरह से उनकी मदद नही मिल पाई है। लुप्त होती इस समुदाय की तरफ यदि ठीक से नही धयान दिया गया तो इनकी स्तिथि दिन ब दिन और खराब होती जाएगी।जरगा का लक्ष्मण विरहोर की आंखों में कुछ दिन पूर्व मिट्टी चली गयी थी जिसका भी इलाज वो ठीक से नही करा पा रहा है उसे एक आंख से दिखना पूरी तरह से बंद हो गया है और उसकी दूसरी आंख की भी रोशनी कम हो रही है उसके तबियत ठीक नही रहने के कारण वो दिन भर घर मे पड़ा रहता है और कोई मेहनत मजदूरी के काम भी नही कर पाता है।

# छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण


बच्चों को पोशाक प्रदान करते मुखिया विजय यादव व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही 3 अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू में मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव ने पंसस नीलम कुमारी, प्रधानाध्यापक उदय नारायण प्रसाद, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा आशा देवी ने कल्याण विभाग के द्वारा आवंटित दर्जनों छात्र छात्राओं के बीच जूता मौजा एवं स्वेटर का वितरण किया।मौके पर मुखिया विजय यादव ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र छात्राओं के पठन पाठन में सुधार के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। उन्होंने सभी बच्चे को मन लगा कर पढ़ने और अपने एवं अपने माता पिता का नाम रौशन करने की बात कही। कहा कि पोशाक वितरण सरकार की एक अच्छी पहल है। पोशाक से बच्चों के बीच एकरूपता आती है। सरकार बच्चों के पढ़ाई के प्रति गंभीर है। बच्चों को निःशुक्ल पोशाक, खाना, पुस्तक, छात्रवृत्ति दी जा रही है। इससे गांव के गरीब परिवार के बच्चे पढ़ कर क्षेत्र का नाम रौशन कर सकते हैं। पंसस नीलम कुमारी ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य है। बच्चों के शिक्षा पर लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानाध्यापक उदय नारायण प्रसाद ने कहा कि स्कूल के शिक्षक बच्चों के शिक्षा के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने अभिभावकों से ससमय बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। मौके पर रोहित कुमार यादव, नंदकिशोर यादव, बाबूलाल यादव, मुनिलाल राम समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में स्केटिंग चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में चल रहे पांच दिवसीय इंटर हाउस रोलरस्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गये। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रोलर स्केट के साथ रेस लगाते हुए रफ्तार और बैलेंस का जबरदस्त प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागी खुद को विजेता बनाने के लिए अपनी उच्च क्षमता का प्रदर्शन करते दिखें। उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थियों ने उनका उत्साह बढ़ाया। स्केटिंगप्रतियोगिता को जूनियर व सीनियर गर्ल्स एवं बयज में बंटा गया था। इनके बीच 100, 200 एवं 500 मीटर की रेस, जम्पिंगस्केटिंगआदि स्पर्द्धा कराई गई। ओवरअल बेस्ट स्केटर क्लास छह के आदित्य कुमार को चुना गया। लड़कियों के जूनियर ग्रुप में तन्वी, सोनाक्षी, पीहू, सीनियर में आयेशा, उन्नति, अनन्या, लड़कों के जूनियर ग्रुप में सूरज, रोशन, अंकित, सीनियर में आयुष मंडल, नमन कुमार, सुधांशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। इंटर हाउस चैंपियनशिप का पुरस्कार मदर टेरेसा ग्रुप ने जीता। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा किस्केटिंगएक संपूर्ण व्यायाम है।

# स्टैंडबाय से मुख्य टीम में शामिल हुईं बीएसए की खिलाड़ी रितिका, लोगों ने दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



मुख्य टीम में शामिल रितिका कुमारी

**बरही।** झारखंड क्रिकेट अंडर-15 महिला टीम में बीएसए बरही की महिला खिलाड़ी रितिका कुमारी ने जगह बनाने में सफलता पाई है। बता दे कि कुछ दिनों पूर्व चयनित खिलाडियों में हजारीबाग जिला के तीन खिलाड़ियों को झारखंड क्रिकेट महिला अंडर-15 टीम में शामिल किया गया था। जिसमें बीएसए बरही की खिलाड़ी वर्षा कुमारी को मुख्य टीम में तो बीएसए बरही की रितिका कुमारी व हजारीबाग की विशाखा कुमारी को स्टैंडबाय में शामिल किया गया था। कुछ दिन पश्चात झारखंड क्रिकेट बोर्ड ने रितिका कुमारी के खेल प्रतिभा को देखते हुए स्टैंडबाय से हटाकर झारखंड क्रिकेट अंडर-15 महिला टीम के मुख्य टीम में वर्षा के साथ रितिका को भी शामिल कर लिया गया है। इस प्रकार अब बरही बीएसए की दो महिला क्रिकेटर वर्षा कुमारी एवं रितिका कुमारी दोनो झारखंड अंडर-15 महिला टीम के मुख्य टीम में जगह बनाने में सफलता हासिल की है। उक्त दोनों खिलाड़ियों के सफलता पर बरही के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। जिसमें बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साव, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज केशरी, अमित कुमार केशरी, बीएसए अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, गाजो यादव, राणा समाज के अध्यक्ष सिकंदर राणा, धर्मपाल केशरी, शिवकुमार ठाकुर, अनिल रजक, मनितोष कुमार यादव सहित अन्य लोग शामिल है।

## मुखिया अनिल देव ने अपने खर्च से कराया बिरहोर की आंखों का इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने विरहोर टोला में किये अपने वादे को पूरा करते हुए गुरुवार को लक्ष्मण विरहोर की आँखो का इलाज अपने खर्च से कराया। मुखिया ने समाजसेवी अजित कुमार के साथ जाकर नेत्र रोग विशेसज्ञ टी मैत्रा से उसकी आँखों को दिखाया जहां डॉक्टरों ने उसकी आँखों मे जख्म होने की बात कही है। डॉक्टर ने बताया कि दो माह पूर्व आंखों में मिट्टी जाने के बाद ठीक से इलाज नही हो पाया जिस कारण उसकी एक आंख में जख्म हो गया है। अजित कुमार ने बताया कि डॉक्टर ने डेढ़ महीने तक इलाज चलने की बात कही है और हर सप्ताह डॉक्टर से दिखाना होगा। मुखिया अनिल देव ने कहा कि बिरोहर परिवार के सभी लोग मेरे परिवार जैसे है बिरोहर के किसी भी समस्या के लिए मैं हमेशा खड़ा हूँ।

# टाटीझरिया प्रखंड बना बिचौलियों एवं भ्रष्टाचारियों का अड्डा

खबर मन्त्र संवाददाता


लचर व्यवस्था देख ग्रामीणों ने जतायी नाराजगी।

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं में इन दिनो प्रखंड सह अंचल मुख्यालय में बढ़ती भ्ष्टाचार को देख युवाओं ने कहा कि बिचौलियों के कथनानुसार ही कर्मी कार्य करते हैं। केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाओं से योग्य लाभुक अब तक वंचित है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दुर्भाग्य है कि बहुत कम ही ऐसे अधिकारी है जो समयानुसार अपने कार्य स्थल पर उपस्थित होते हैं। प्रखंड के विभिन्न विभागों में कार्यरत बिचौलियों द्वारा गरीब एवं योग्य लाभुकों को भी बिना रुपये दिए लाभ से वंचित रखा जा रहा है। वहीं सरकार के नियमानुसार जो मिट्टी, खपरैल टूटे फूटे घर में रहने वाले लोगों को पीएम आवास दिया जाना था। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि बिचौलियों द्वारा गरीब परिवार के सदस्यों को कई लांक्षण लगाकर योजनाओ से वंचित रखा जा चुका है और अयोग्य लाभुकों से राशि को गुप्त तरीके से लेकर योग्य बना पक्के मकान में रह रहे लोंगो को पीएम आवास दिया जा रहा है। यदि इस प्रकार हो तो सभी को योजनाओं लाभान्वित किया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ढलाई पक्का मकान प्रखंड क्षेत्र के आठो पंचायत के किसी गांव में एक भी आवास दिया गया। एवं अंचल सह प्रखण्ड कार्यालय में निलंबित आवसीय,जाती, आय, जमीन रशीद, रसीद में ऑनलाइन चढ़ाने के दौरान खाता नम्बर लिख प्लाट संख्या में शून्य (0)अंकित किया जाना समेत अन्य योजना कार्य तो हम ग्रामीण क्षेत्र के युवा,छात्र,महिला पुरूष उग्र हो आंदोलन करेंगे। मौके पर प्रदीप कुमार भुइंया पिता कारू भुइंया, अजय कुमार पिता कामेश्वर महतो, मनोज ठाकुर, छोटन कुमार साव, सुनील कुमार, मनोज ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : मनोज महतो


बैठक में उपस्थित भाकपा के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीसीएल सौंदा शाखा की बैठक गुरूवार को सीसीएल सौंदा में हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा सचिव विजय कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू अंचल सचिव कमरेड मनोज कुमार महतो उपस्थित थें। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान चलाने, शाखा सम्मेलन, कोष संग्रह एवं रोजगार आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि पूरे प्रखंड में पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाई जाएगी। हर एक पंचायत में कैंप लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं।

# 7 से 9 जनवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में दिखायेगी दमखम

## लपंगा की बेटी तमन्ना वर्मा का नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन, हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता


आर्चरी का प्रैक्टिस करती चयनित छात्रा तमन्ना वर्मा।

**भदानीनगर (रामगढ़)।** लपंगा कॉलोनी चोरधरा निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा का नेशनल आर्चरी चैम्पियनशीप के लिए चयन हुआ है। तमन्ना के चयन से उसके माता-पिता परिजन सहित कोयलांचल भुरकुंडा में हर्ष का माहौल है। आंधप्रदेश के विजयवाड़ा में 7 से 9 जनवरी तक होने वाले नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में तमन्ना अपने खेल का जौहर दिखायेगी। चयनित छात्रा के पिता शेखर वर्मा एवं माता रूबी वर्मा ने बताया कि तमन्ना पिछले 7 फरवरी 2022 से बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर सिल्ली रांची में ट्रेनिंग ले रही थी। मात्र 10 महीने के अभ्यास से उसने अपनी मेहनत के बलबुते नेशनल आर्चरी चैम्पियनशीप में जगह बनाई है जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को जमशेदपुर जेआरडी में नेशनल चैम्पियनशीप के जिए तमन्ना वर्मा का चयन हुआ है। इसमें झारखण्ड से 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बताते चलें कि 27 नवंबर 2022 को यूपी के मथुरा में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी 2022 के प्रतियोगिता में तमन्ना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व कोयलांचल का मना बढ़ाया है। इसमें वोमेंस एनआरएटी महिला रैंकिंग में तमन्ना ने पूरे भारत में 15वीं रैंक और झारखंड की एक मात्र खिलाड़ी होने का गौरव पाया था। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए सांसद सह सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी ने तमन्ना को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया था।

### देश के लिए गोल्ड जीतने का सपना करूंगी पूरा : तमन्ना

तमन्ना वर्मा ने बताया कि देश के लिए तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीतने का सपना संजोए हुई हूं। कठिन परिश्रम के बल पर एक न एक दिन मेरा यह सपना जरूर पूरा होगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का निर्धारण कर परिश्रम करूंगी, मुझे पूरा उम्मीद है कि मैं देश के लिए सोना जरूर लाउंगी। इधर तमन्ना के इस सपने को पूरा करने में माता-पिता के साथ उनके परिजन भी तमन्ना का पूरा साथ दे रहे हैं।

# महान गणितज्ञ श्रीरामनुजन को किया गया याद


कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य।

**रजरप्पा।** देश के महान सुप्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीरामनुजन की जयंती पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर गणित के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा एवं देनों का उल्लेख करते हुए उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने श्रीरामनुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य श्री प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीरामनुजन सुप्रसिद्ध गणितज्ञ के साथ वे भारतीय सभ्यता और संस्कृति के सच्चे पुजारी थे, उनके जीवन से हमें सीख लेने की जरूरत है। विद्यालय के वरिष्ठ गणित के आचार्य गौतम कुमार ने कहा कि गणित के क्षेत्र में अपने शोध पत्र से उन्होंने विश्व को अचंभित किया था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार सिंह ने बच्चों को श्रीरामनुजन के जीवन- प्रसंगों का उल्लेख किया। बच्चों ने भी उनके जीवन की घटनाओं, गणित के क्षेत्र में उनकी देनों का वर्णन किया तथा गणित के विभिन्न पहेलियों को सुगमता के साथ समाधान के तरीके पर भी चर्चा की।

